26/03/2026

आकाशवाणी ईटानगर

अंडर-23 ट्राई-नेशन चैंपियनशिप 2026 का उद्‌घाटन कल अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांदू द्‌वारा यूपिया स्थित गोल्डन जुबली आउटडोर स्टेडियम में किया गया। उद्‌घाटन समारोह में भारत के फुटबॉल आइकन और पूर्व कप्तान सुनील छेत्री, सहित खेल राज्य मंत्री केंतो जिनी उपस्थित रहें। सभा को संबोधित करते हुए, मुख्यमंत्री ने घोषणा की है कि, ईटानगर में एक बेहद ज़रूरी विश्व-स्तरीय फुटबॉल स्टेडियम को 'प्रधानमंत्री की उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के लिए विकास पहल' के तहत मंज़ूरी दे दी गई है, जिसकी अनुमानित लागत 200 करोड़ रुपये है। उन्होंने बताया कि निर्माण कार्य इसी साल शुरू होगा। उन्होंने राज्य भर में खेल बुनियादी ढांचे को मज़बूत करने और खेल प्रतिभाओं को निखारने की दिशा में सरकार के लगातार प्रयासों पर भी ज़ोर दिया। इस अवसर पर बोलते हुए, फुटबॉल आइकन सुनील छेत्री ने युवाओं को खेलों को गंभीरता से लेने और उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित किया। टूर्नामेंट का पहला मैच ताजिकिस्तान ने भूटान के खिलाफ 1-0 से जीता। चैंपियनशिप का अगला मैच आगामी अट्ठाइस मार्च को निर्धारित है, जिसमें भारत का मुकाबला भूटान से शाम 7 बजे होगा।

0000000000000000000000000

शीतकालीन खेल प्रशिक्षण एवं ओपन राष्ट्रीय स्की पर्वतारोहण चैंपियनशिप आगामी 5 से 14 अप्रैल 2026 तक अरुणाचल प्रदेश के तवांग में आयोजित की जाएगी। और चैंपियनशिप 15 अप्रैल को आयोजित होगा। इंटरनेशनल स्की माउंटेनियरिंग फेडरेशन, स्किमो इंडिया फेडरेशन और युवा मामले विभाग इस कार्यक्रम को आयोजित कर रहा है।

0000000000000000000000000

आज मॉलदीव के माले स्थित नेशनल फुटबॉल स्टेडियम में SAFF U-20 चैंपियनशिप के ग्रुप B मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को 3-0 से पराजित किया। विशाल यादव ने फ़र्स्ट हाफ के शुरुआती मिनटों में ही भारत के लिए पहला गोल किया। मैच का दूसरा गोल अरुणाचल प्रदेश के ओमांग दोदुम द्वारा किया गया। इसके बाद अट्ठासीवें मिनट में ओमांग ने पेनल्टी शूट के ज़रिए एक और गोल करते हुए भारत की जीत सुनिश्चित की। बांग्लादेश से पहले ही हार चुकी पाकिस्तान की टीम लगातार दूसरी हार के बाद टूर्नामेंट से बाहर हो गई। भारत और बांग्लादेश अब सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं और आगामी अट्ठाइस मार्च को होने वाले अगले मुकाबले से यह तय होगा कि ग्रुप B में शीर्ष पर कौन सा टीम आगे बढेगा।

0000000000000000000000000

लोअर सियांग ज़िले में आज, राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' की 150वीं वर्षगांठ के तीसरे चरण के तहत, ज़िला स्थित दीपा गाँव में, स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय मोजे रिबा के सम्मान में बनाए गए **'स्वतंत्रता सेनानी स्मारक हाई मास्ट राष्ट्रीय ध्वज मंच'** पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान, DACO-सह-DIPRO अगस्ती जामोह ने 'वंदे मातरम' के ऐतिहासिक महत्व और भारत के स्वतंत्रता आंदोलन को प्रेरित करने में इसकी अहम भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने देशभक्ति और एकता की भावना को बढ़ावा देने, तथा देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की गहरी समझ विकसित करने के महत्व पर ज़ोर दिया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह ने स्वतंत्रता सेनानी मोजे रिबा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए राष्ट्र के प्रति उनके अमूल्य योगदान को याद किया।

0000000000000000000000000

पासीघाट स्थित बागवानी और वानिकी महाविद्यालय में बुधवार को “अरुणाचल प्रदेश में जैव-गहन एकीकृत कीट प्रबंधन यानी Bio-intensive Integrated Pest Management for Organic Horticulture” विषय पर एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य पर्यावरण-अनुकूल कीट प्रबंधन पद्धतियों को बढ़ावा देना और राज्य में जैविक बागवानी को

प्रोत्साहित करना था। जिसमें लगभग 230 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें जनजातीय किसान भी शामिल हुए।

0000000000000000000000000

पासीघाट नगर परिषद ने कल पासीघाट नगर क्षेत्र से जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों तरफ़, मुख्य बाजार और प्रमुख सेक्टर सड़कों पर “नो गार्बेज ज़ोन” के लिए मानक संचालन प्रक्रिया यानी SOP उद्घाटन किया। यह कार्यक्रम “देनाम आनाम अभियान” अर्थात स्वच्छ पासीघाट अभियान के तहत शुरू किया गया है। जिसका उद्देश्य शहर में स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करना एवं राष्ट्रीय राजमार्ग व सेक्टर सड़कों के किनारे जिम्मेदार कचरा निपटान को बढ़ावा देना है।

0000000000000000000000000

राज्य पर्यटन विभाग द्वारा पच्चीस से छब्बीस मार्च तक पासीघाट के रानेघाट स्थित सियांग फेस्टिवल ग्राउंड में “भारत लोक संगीत - अरुणाचल प्रदेश उत्सव” के तीसरे संस्करण का आयोजन किया गया। इस उत्सव में अरुणाचल की विभिन्न जनजातियों जैसे आदी, पुरोइक, लिसु, ओल्लो और बुगुन के लोक कलाकारों ने प्रस्तुति दी। इसके अलावा गुजरात का गरबा नृत्य और कर्नाटक का वीरभद्र कुनीथा भी प्रस्तुत किया गया। समापन प्रस्तुति डॉ. देलोंग पदुंग एंड बैंड द्वारा किया गया।

इस उत्सव का उद्देश्य सांस्कृतिक समरसता और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देना तथा कलाकारों को अपनी परंपराएं, कहानियां और कला साझा करने का मंच प्रदान करना था।

0000000000000000000000000

पूर्वोत्तर भारत पर्यटन परिसंघ एवं बौद्ध पर्यटन संचालकों के संघ ने यात्रा और पर्यटन के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक MoU पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें विशेष रूप से पूर्वोत्तर क्षेत्र में बौद्ध तीर्थयात्रा पर्यटन को बढ़ावा देने पर ज़ोर दिया गया है।

0000000000000000000000000